दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 183 ● मुंबई, रविवार 02 मार्च-2025 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● नि:शुल्क

खबर संक्षेप

जिला कलेक्टर ने टामटिया फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

● पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । जिला कलेक्टर डॉ. अंजली राजोरिया ने शनिवार को टामटिया में फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए अधिकारियों को शिविर की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित कार्मिकों से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने शिविर में आए किसानों को कृषि व पशुपालन विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने को कहा, जिससे कि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकाधिक पात्रों तक पहुंच सके।

शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को नवाजा जाएगा नारी गौरव सम्मान 2025

● पदमावत मीडिया

जयपुर । जयपुर की बेटी शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को डॉ आम्बेडकर उत्थान परिषद की ओर से जयपुर स्थित सियाम ऑडिटोरियम में रविवार 16 मार्च 2025 को पंचम सर्व समाज नारी गौरव सम्मान 2025 से नवाजा जाएगा । वाणी जैन को हाल ही दिल्ली में भारत के कोहिनूर अवार्ड एवं इससे पहले भी बहुत से अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है।

सडक पर घायल पडे युवक को सांसद रावत ने अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। सांसद मन्नालाल रावत ने शनिवार रात को मानवता का परिचय देते हुए ओडा मार्ग पर सडक पर घायल पडे एक युवक को हॉस्पीटल पहुंचाया और उसके उपचार के संबंध में डॉक्टरों से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए। सांसद मन्नालाल रावत शनिवार को बांसवाडा जिले के दौरे पर थे। रात को वे उदयपुर लौट रहे थे तब ओडा पुलिया के पास एक युवक घायल अवस्था में पडा था। उसके साथ युवक भी था जो मदद के लिए वाहनों को रोकने का इशारा कर रहा था, लेकिन कोई भी चालक वाहन नहीं रोक रहा था। उसी दौरान सांसद मन्नालाल रावत भी उधर से गुजर रहे थे। युवक को देखकर उन्होंने चालक को गाडी रोकने को कहा। नीचे उतरकर युवक से पूछा तो उसने बताया कि कोई अज्ञात कार मोटरसाईकिल को टक्कर मारकर चली गई है। दो जनों में से लालचंद पुत्र पांचालाल मीणा निवासी कातडीफला देवपुरा घायल था जिसके पैर और हाथों पर गंभीर चोट आई। इस पर सांसद रावत ने अपने गार्ड की मदद से उन्हें अपने वाहन में बिठाया और हिरणमगरी सेक्टर 6 स्थित सेटेलाइट अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डाक्टरों को दिखाया और उसे भर्ती करवाया। बताया गया कि दोनों युवक मजदूरी करके उदयपुर से मोटरसाइकिल द्वारा अपने गांव लौट रहे थे।

मुद्रांक प्रकरणों में ब्याज एवं पेनल्टी छूट प्रदान

● पदमावत मीडिया

बांसवाड़ा। उप पंजीयक कार्यालय-बांसवाड़ा द्वारा मुद्रांक प्रकरणों में बाकीदारों को राज्य सरकार की वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना से मुद्रांक प्रकरणों में ब्याज एवं पेनल्टी की छूट प्रदान की गई है। उक्त छूट का लाभ कार्यालय उप पंजीयक-बांसवाड़ा द्वारा जारी सूची में अंकित 22 बाकीदारों एवं वर्ष 2022 तक के दर्ज प्रकरणों में प्राप्त होगा। यह जानकारी उप पंजीयक ने दी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भरतपुर दौरा

भरतपुर शहर के आधारभूत संरचना के विकास कार्यों को समय से करें पूरा: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

भरतपुर व डीग के विकास के लिए बजट घोषणाओं का समय से क्रियान्वयन हो सुनिश्चित

● पदमावत मीडिया

भरतपुर/जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य बजट वर्ष 2025-26 में की गई घोषणाओं से आमजन के लिए उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं में विस्तार होगा और उनका जीवन बेहतर बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि भरतपुर व डीग जिले की बजटीय घोषणाओं को कार्ययोजना के साथ धरातल पर उतारा जाये। शर्मा शनिवार को भरतपुर के जिला कलक्ट्रेट में बजट घोषणा एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर व डीग जिले में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद जरूरी है। इसके लिए कार्यों की समय सीमा सुनिश्चित कर सभी विभाग आपसी समन्वय से इन्हें पूरा करें।

आबादी के विस्तार को देखकर नगर निगम एवं बीडीए बनायें विकास की कार्ययोजना

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि नगर निगम और बीडीए के अधिकारी साथ मिलकर शहर के जलभराव क्षेत्रों का दौरा करें और जलनिकासी की कार्ययोजना बनायें। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्ययोजना बनायी जाये। साथ ही, भविष्य में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं हो, इसके लिए सड़क लेवल के तय मानकों का भी पालन किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को शहर में पुराने तालाब व कुण्डों की साफ सफाई व जलनिकासी की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास को सुनिश्चित करते हुए शहर के भविष्य के विस्तार और आबादी को देखकर सभी विभाग आपसी समन्वय से पेयजल, विद्युत, सीवरेज, गैस, टेलीफोन से संबंधित भूमिगत कार्यों को समय व पूर्ण गुणवत्ता से पूरा करें।

समय से बजट घोषणाओं को करें पूरा

मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में की गई विभागवार घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि घोषणाओं को मूर्तरूप देने के लिए भू-आवंटन, वित्तीय स्वीकृति, टेंडर, निर्माण कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूरे किये जाएं। उन्होंने भरतपुर व डीग जिला कलेक्टर को संबंधित विभागों से विकास कार्यों की प्रगति की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। साथ ही, सभी विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर फीडबैक लेने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने जिला कलक्टर्स को निर्देश दिये कि अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित वरिष्ठ जिलाधिकारियों को विभिन्न विभागों के कार्यों की मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी भी सौंपी जाये। उन्होंने जिला कलक्टर्स को निरन्तर औचक निरीक्षण करते रहने के लिए भी निर्देशित किया।

सिंचाई तंत्र को बनायें मजबूत, सीवरेज कार्यों को दें गति

मुख्यमंत्री ने भरतपुर शहर में सीवरेज के कार्य की स्थिति में सुधार कर विकास कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर के घनी आबादी क्षेत्र में स्थित राजकीय कार्यालयों को शिफ्ट करने के लिए कार्ययोजना बनायें। उन्होंने जिले के सिंचाई तंत्र को मूल स्वरूप के अनुसार प्रभावी बनाने के लिए मौका निरीक्षण कर संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिये साथ ही बंध बारैठा, सुजानगंगा सहित नहरों के मरम्मत सहित सांवईखेडा जलभराव समस्या की लिफ्ट परियोजना के कार्य को समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिये।

भरतपुर व डीग जिले के सड़क तंत्र को बनायें और अधिक मजबूत

शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में टूरिस्ट कॉम्पलेक्स प्लाजा एवं किशोरी महल प्लाजा, मंदिरों के संरक्षण कार्य सहित पर्यटन महत्व के कार्यों को समय पर पूरा करायें। उन्होंने कुम्हेर में प्रस्तावित हवाईपट्टी के कार्य, पूँछरी का लौठा के विकास कार्यों, खिलाडियों को सुविधा के लिए स्पोर्टस कॉलेज, स्कूल के विकास कार्यों को समय पर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बालिका सैनिक स्कूल के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने, स्वयंसिद्धा आश्रम, बजट घोषणाओं की सभी सड़कों के कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ शैलेश सिंह, डॉ ऋतु बनावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव देवस्थान के.के पाठक, शासन सचिव खेल नीरज के पवन, जिला प्रभारी एवं शासन सचिव परिवहन शुचि त्यागी, पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश, जिला कलक्टर भरतपुर डॉ अमित यादव, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल सहित भरतपुर व डीग के जिला पुलिस अधीक्षक सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के शासन सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से विभिन्न सामाजिक संगठनों ने की मुलाकात

राज्य बजट वर्ष 2025-26 में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए लोगों ने जताया आभार

● पदमावत मीडिया

भरतपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को भरतपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री से जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सर्किट हाउस में आत्मीय मुलाकात की। संगठनों के प्रतिनिधियों एवं आमजन ने राज्य बजट वर्ष 2025-26 में भरतपुर एवं डीग जिले को दी गई सौगातों के लिए श्री शर्मा का आभार भी जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री से नन्हें जूडो कराते खिलाड़ियों ने मुलाकात कर प्रतियोगिता में जीते अपने मेडल्स दिखाए। मुख्यमंत्री ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई भी की और संबंधित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधायक बहादुर सिंह कोली, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. ऋतु बनावत सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, लघु उद्योग भारती, बृज हनी, ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्य, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। इससे पहले भरतपुर पहुंचने पर हैलीपेड पर मुख्यमंत्री शर्मा का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने ओलावृष्टि प्रभावित जिलों की स्थिति की कलेक्टर्स के साथ की समीक्षा

मांगी रिपोर्ट राजस्व विभाग को शीघ्र गिरदावरी करवाने के दिए निर्देश

● पदमावत मीडिया

भरतपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को भरतपुर के जिला कलक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिला कलेक्टरों से ओलावृष्टि पर वार्ता की। उन्होंने जिला कलेक्टर्स से विगत दिनों कुछ जिलों में हुई ओलावृष्टि एवं इससे हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। शर्मा ने राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव को निर्देश दिए कि ओलावृष्टि से प्रभावित जिलों में फसल खराबे का आकलन करने के लिए शीघ्र गिरदावरी करवाई जाए। मुख्यमंत्री ने सीकर, चूरू, बीकानेर, झुंझुनूं, एवं खैरथल तिजारा के जिला कलेक्टर को निर्देशित किया कि गिरदावरी करवाकर रिपोर्ट शीघ्र भेजें। उन्होंने 7 डी रिपोर्ट को भी 5 मार्च तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे प्रभावित किसानों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के फंड से तुरंत मुआवजा दिया जा सके। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण श्री प्रवीण गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही, अतिरिक्त मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा आनंद कुमार, बीकानेर संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर, जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े।

जोधपुर में दो कांस्टेबल सस्पेंड, स्पा सेंटर की आड़ में चलवा रहा था वैश्यावृति, तस्करों से भी मिलीभगत आई सामने

● पदमावत मीडिया

जोधपुर । जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. जिसमें ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने एक आदेश जारी कर ओसियां और बिलाड़ा थाने के दो कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है. इनमें से ओसियां थाने का कांस्टेबल थाना क्षेत्र में अवैध स्पा सेंटर की आड़ में वेश्यावृति चलवा रहा था, जबकि दूसरे कांस्टेबल की तस्करों के साथ मिलीभगत सामने आई है. ऐसे में अब दोनों पर एक्शन लेते हुए उन्हें ग्रामीण एसपी ने सस्पेंड कर दिया है।

स्पा सेंटर की आड़ में चला रहा था वेश्यावृत्ति

दरअसल ओसियां थाने के कांस्टेबल पुखराज चौधरी थाना में आसूचना अधिकारी के तौर पर काम कर रहा था. जल्द से जल्द अमीर बनने और अधिक पैसे कमाने के लालच में ओसियां क्षेत्र के कुछ लोगों के साथ मिलकर स्पा सेंटर का संचालन करवाने लगा. इसमें स्पा सेंटर की आड़ में वेश्यावृत्ति भी करवाई जाने लगी. इसके लिए पंजाब की एक महिला को यहां पर लाया गया और स्पा सेंटर में मसाज की आड़ में वेश्यावृत्ति करवाई जाने लगी. करीब दो माह से यह काम चल रहा था। कुछ दिनों पूर्व स्पा केंद्र संचालकों और पंजाब की एक महिला के बीच में विवाद हो गया. इस पर महिला ने ग्रामीण एसपी को शिकायत दी. इस पर एसपी राममूर्ति जोशी ने मामला सामने आने पर जांच करवाई तो कांस्टेबल पुखराज चौधरी की भूमिका सामने आई. इस पर ग्रामीण एसपी ने आदेश जारी कर कांस्टेबल पुखराज चौधरी को सस्पेंड कर दिया। वहीं बिलाड़ा थाने के कांस्टेबल पवन सैनी को भी तस्करों के साथ मिली भगत के चलते ग्रामीण एसपी राममूर्ति जोशी ने आदेश जारी कर शुक्रवार को सस्पेंड कर दिया. पवन सैनी ग्रामीण पुलिस की ओर से दो दिन पूर्व की गई अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में व्हाट्सएप कॉल के जरिए तस्करों के संपर्क में था. तस्करों को पुलिस की लाइव लोकेशन भी भेज रहा था. जांच में इसका खुलासा होने पर उसे भी सस्पेंड कर दिया गया।



स्कॉर्पियो से जब्त किया था 393 किलो अवैध डोडा

बता दे कि 25 फरवरी को अभियान भौकाल के तहत जोधपुर ग्रामीण की बिलाड़ा थाना पुलिस और विशेष टीम ने मिलकर एक स्कॉर्पियो से 393 किलो अवैध डोडा, 12 बोर बैरल गन और 26 जिंदा कारतूस बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था. मामले में एक स्कॉर्पियो और एक किया कार को भी जब्त किया गया था. इस मामले में पुलिस ने जब बिलाड़ा हाईवे पर नाकाबंदी की तो तस्कर यू टर्न लेकर कार को भगाने लगे। इस पर पुलिस की टीमों ने खारिया मीठापुर की तरफ भाग रही कारों का पीछा किया।

जैसलमेर एसीबी ने संविदाकर्मी के दलाल को किया ट्रैप

डेटा एंट्री ऑपरेटर का पति रिश्वत लेते गिरफ्तार, पत्नी फरार

● पदमावत मीडिया

जैसलमेर । एंटी करप्शन ब्यूरो ने शनिवार को ट्रैप की कार्रवाई करते हुए खेतोलाई पीएचसी की डाटा एंट्री ऑपरेटर के पति को 1700 रुपए की रिश्वत राशि के साथ पकड़ा। बताया जा रहा है कि डेटा एंट्री ऑपरेटर शारदा ने एक आशा सहयोगिनी के टीए-डीए की राशि को स्वीकृत करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। जैसलमेर एसीबी ने स्क्क नरपतचंद के नेतृत्व में आशा सहयोगिनी की शिकायत के आधार पर रिश्वत मांगने की बात को तसदीक करते हुए शनिवार को ट्रैप की कार्रवाई की। जैसलमेर एसीबी ने ओढ़ानीया गांव में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पति कपिल विश्नोई (27) को 1700 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। फिलहाल डाटा एंट्री ऑपरेटर शारदा विश्नोई एसीबी के हत्थे नहीं चढ़ी है। एसीबी शारदा की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर कार्यालय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जैसलमेर ने आज कार्यवाही करते हुए कपिल पुत्र आशाराम जाति विश्नोई उम्र 27 साल निवासी खेतोलाई तहसील पोकरण जिला जैसलमेर को पकड़ा। दलाल, शारदा विश्नोई कम्प्युटर ऑपरेटर संविदा कर्मी पीएचसी खेतोलाई के पति द्वारा परिवादी से क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरिफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर बिलों का भुगतान करने की एवज में 1700 रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी जैसलमेर इकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरीफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर बिलों का भुगतान करने के एवज में शारदा विश्नोई हाल कम्प्युटर ऑपरेटर संविदा ?कर्मी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खेतोलाई द्वारा रिश्वत 1700 रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर नरपत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी चौकी जैसलमेर के नेतृत्व में आज ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी कपिल पुत्र आशाराम जाति विश्नोई उम्र 27 साल निवासी खेतोलाई तहसील पोकरण जिला जैसलमेर दलाल (आरोपिता शारदा का पति) परिवादीया के क्लेम कार्य की प्रोत्साहन राशि के बिल वेरिफाई करने, कम्प्यूटर में अपलोड कर भुगतान करवाने के एवज में 1700 रुपए राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है और शारदा विश्नोई की तलाश जारी है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी की ओर से मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

जीतो उदयपुर चेप्टर एवं सर्राफा एसोसिएशन उदयपुर का आयोजन

विशाल रक्तदान शिविर में 115 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड ओर्ग्रेनाईजेशन (जीतो) उदयपुर चेप्टर और श्री सर्राफा एसोसिएशन उदयपुर के तत्वाधान में आरएनटी ब्लडबैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आयड़ जैन मंदिर में आत्म वल्लभ आराधना भवन परिसर में हुआ। जीतो एवं सर्राफा एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष यशवन्त आंचलिया ने बताया कि सुबह 9 बजे आयड़ जैन मंदिर में शिविर का शुभारंभ शहर विधायक ताराचन्द जैन और ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने दीपप्रज्वलन कर किया।

जीतो मुख्य सचिव अभिषेक संचेती और सर्राफा एसोसिएशन महामंत्री प्रकाश सिंघवी ने बताया कि रक्तदान शिविर में जीतो, सर्राफा एसोसिएशन सदस्य, परिवारजन के अलावा उदयपुर शहर के युवा और महिलओं ने बढ़ चढक़र भाग लिया और 115 रक्तवीरों ने मानव सेवा के इस महाकार्य ने सहयोग किया। शहर विधायक ताराचन्द जैन बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। शिविर संयोजक तुषार मेहता और शैलेश मेहता ने बताया कि शिविर में लगभग 200 लोगों ने रक्तदान संकल्प पत्र भरा। इस अवसर पर भाजपा शहर अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व महापौर गोविन्द सिंह टांक, पूर्व उपमहापौर पारस सिंघवी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद सामर, महाराणा भूपाल चिकित्सालय अधीक्षक डा. आर एल सुमन, पूर्व प्राचार्य आरएनटी मेडिकल कॉलेज डा. लाखन पोसवाल, जीतो एडवाइजर राजकुमार फ़त्तावत, नरेन्द्र सिंघवी के साथ ही जीतो वाईसचेयरमेन श्याम नागोरी, नितुल चंडालिया, कोषाध्यक्ष प्रतीक हिंगड़, सचिव सुधीर चित्तोड़ा, अरुण मांडोत, पूर्व अध्यक्ष विनोद फ़ांदोत, लेडीज विंग अध्यक्षा अंजलि सुराणा, सचिव ऋतु मारू, यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी, सचिव विनय कोठारी, सराफा एसोसिएशन उपाध्यक्ष महावीर सिंघटवाडिया, सहमंत्री मयंक लोढ़ा, संयोजक अजीत छाजेड, पीयूष कोठारी, जितेन्द्र कोठारी आदि मौजूद रहे।

खाटू श्याम मेले में एआई बेस्ड पार्किंग सिस्टम से स्थानीय लोग परेशान, अवैध वसूली का लगाया आरोप

● पदमावत मीडिया

सीकर । जिले के खाटूश्यामजी में बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेला चल रहा है. मेले में देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी लगातार जारी है. इस बार वाहनों के लिए पहली बार ढ्ढ बेस्ड पार्किंग सिस्टम को डेवलप किया गया है. नए सिस्टम के जरिए मंडा रोड, सांवलपुरा रोड, सीतापुरा जोहड़ी और दांता रोड पर पार्किंग फीस वसूली जा रही है. जिन गाड़ियों में फास्टटैग लगे हैं, उनकी पार्किंग फीस फास्टटैग के जरिए अपने आप कट रही है. टू व्हीलर सहित जिन गाड़ियों पर फास्टटैग नहीं लगा हुआ है, उन्हें पार्किंग शुल्क की स्लिप दी जा रही है. अब फास्टटैग के जरिए पार्किंग फीस कटने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है. लोगों का आरोप है कि गाड़ियों से बार-बार शुल्क काटा जा रहा है. लोगों ने इसकी शिकायत एसडीएम मोनिका समर से की है।

पार्किंग के नाम अवैध वसूली का आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अगर कोई व्यक्ति अपने घर से कोई सामान लाने के लिए अगर जा रहा है तो उसका पैसा भी बार बार फास्टटैग से कट रहा है. डिजिटल पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है. नगर पालिका ईओ देवेंद्र जिंदल का कहना है कि स्थानीय लोग अपना आधार कार्ड दिखाकर फ्री सुविधा ले सकते हैं. खाटूश्यामजी में ढ्ढ बेस्ड पार्किंग का टेंडर महाराष्ट्र की पुणे की एक कंपनी को दिया गया है।

वाहनों के लिए यह निर्धारित है पार्किंग शुल्क

कंपनी ने छोटे वाहनों के लिए 24 घंटे का शुल्क 20 रुपए और 24 घंटे से ज्यादा समय होने पर 50 रुपए, चौपहिया वाहन और ट्रैक्टरों के लिए 24 घंटे तक 70 रुपए और 24 घंटे बाद 150 रुपए निर्धारित किया है. वहीं भारी वाहन और बस ट्रक के लिए पार्किंग फीस 24 घंटे तक 100 रुपए और 24 घंटे बाद 200 रुपए निर्धारित की गई थी, लेकिन वाहनों से 12 घंटे के लिए 200 रुपए और इससे ज्यादा समय होने पर 350 रुपए तक वसूले जा रहे हैं. इसी तरह बस और भारी वाहनों से 12 घंटे तक का पार्किंग शुल्क 350 रुपए और 24 घंटे तक का 750 रुपए वसूला जा रहा है।

वीआईपी दर्शन पूरी तरह बंद

मेले की व्यवस्था देखने पहुंचे जयपुर रेंज आईजी अजय पाल लांबा ने कहा कि अधिकारियों के साथ मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है. इस बार मेले की व्यवस्था पिछले मेलों से बहुत ज्यादा बेहतरीन है. हमारी कोशिश रहेगी दर्शन के लिए आए श्रद्धालु नजदीक तक पहुंच सके. बाबा श्याम के दर्शन में आए श्रद्धालुओं को वीआईपी दर्शन के चलते किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसलिए वीआईपी दर्शन पूरी तरह से बंद किया गया है. उन्होंने कहा कि श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन के लिए जब आए तो पहले यह निश्चित कर लें कि उन्हें अपने वाहन को कहां पर पार्क करना है, जिससे उनको किसी तरह की असुविधा नहीं हो और उनकी यात्रा भी सुगम रहे। पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली को लेकर आईजी लांबा ने कहा कि जो प्रशासन से शुल्क निर्धारित है, अगर उससे ज्यादा शुल्क लेने जैसी अगर कोई शिकायत है तो उसकी जांच करेंगे और अगर सच्चाई होगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. किसी भी दर्शनार्थी के साथ भविष्य में कोई परेशानी नहीं हो, इसको लेकर पार्किंग शुल्क को लेकर बड़े-बड़े बोर्डिंग लगाए जाएंगे, ताकि दर्शनार्थियों को पता रहे कि उसके वाहन का शुल्क क्या है. होर्डिंग में शिकायत के लिए भी नंबर लिखा जाएगा. इसके साथ ही बसों में भी रेट लिस्ट लगवाई जाएगी. ताकि किसी यात्री से ज्यादा पैसा नहीं लिया जा सके।

बी एन फार्मेसी में अमेरिका के डॉ संजय कुमार जैन का केरियर और मोटीवेशन संबंधित व्याख्यान

● पदमावत मीडिया



उदयपुर। स्थानीय बी एन कॉलेज ऑफ़ के अधिष्ठाता डॉ युवराज सिंह सारंगदेवोत ने बताया कि यहां फार्मेसी में 1994 मे पढ़े वर्तमान में एमनील फार्मा, के मुख्य गुणवत्ता अधिकारी डॉ संजय कुमार जैन ने बी फार्म और डाक्टर ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थीयों को संबोधित किया और केरियर से संबंधित बहुत सी जिज्ञासाओं को शांत किया। डॉ. संजय जैन 2012 से एमनील फार्मा, के वैश्विक गुणवत्ता संचालन के सभी पहलुओं की देखरेख करते हैं, जिसमें समग्र अनुपालन, करंट गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस, गुणवत्ता वितरण और न्यू जर्सी, यूएसए में स्थित ÷मुख्य गुणवत्ता अधिकारी÷ के रूप में एमनील का नेतृत्व करना शामिल है। उन्हें संचालन, सत्यापन, गुणवत्ता, प्रशिक्षण, परियोजनाओं और इंजीनियरिंग, आपूर्ति श्रृंखला और विलय और अधिग्रहण के प्रबंधन का व्यापक अनुभव है। उन्होंने कई विनियामक ऑडिट को सफलतापूर्वक प्रबंधित किया है। उन्हें मजबूत गुणवत्ता संस्कृति को बढ़ावा देने, गुणवत्ता प्रणाली विकसित करने, परिचालन उत्कृष्टता को लागू करने और प्रक्रियाओं के अनुकूलन में विशेषज्ञता है। वह पेरेंट्रियल डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्ययन बोर्ड में भी हैं। डॉ एसके जैन ने फार्मा उद्योग में छात्रों की गुणवत्ता, नियामक मामलों, उत्पादन, कॉलेज जीवन, कड़ी मेहनत और फोकस के महत्व पर की चर्चा की. फार्मा उद्योग में छात्रों की गुणवत्ता और उनके भविष्य के अवसरों पर डॉ एसके जैन ने एक महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने कहा कि फार्मा उद्योग में छात्रों को न केवल शैक्षिक ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, बल्कि उन्हें उद्योग की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों के बारे में भी जानना चाहिए। डॉ जैन ने नियामक मामलों के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि फार्मा उद्योग में नियामक मामले बहुत महत्वपूर्ण हैं और छात्रों को इन मामलों के बारे में अच्छी तरह से जानना चाहिए। उत्पादन के महत्व पर चर्चा करते हुए डॉ जैन ने कहा कि फार्मा उद्योग में उत्पादन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और छात्रों को उत्पादन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानना चाहिए। कॉलेज जीवन के महत्व पर चर्चा करते हुए, डॉ जैन ने कहा कि कॉलेज जीवन एक महत्वपूर्ण समय है जब छात्र अपने भविष्य के लिए तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को कॉलेज जीवन में अच्छी तरह से शिक्षा प्राप्त करने और अपने कौशल को विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। कड़ी मेहनत और फोकस के महत्व पर चर्चा करते हुए, डॉ जैन ने कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपने लक्ष्यों के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए और हार नहीं माननी चाहिए। डॉ कमल सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम का संचालन किया, इस अवसर पर डॉ एम एस राणावत, डॉ सिद्धराज सिंह सिसोदिया, डॉ अंजू गोयल, डॉ जय सिंह वाघेला, डॉ पीके गोयल, आलोक भार्गव, डॉ राहुल गर्ग, डॉ मैना चौहान, आदि उपस्थित थे।

पशुपालन प्रषिक्षण संस्थान में डॉग शो 9 मार्च को

पदमावत मीडिया, उदयपुर। पशु कल्याण जागरूकता माह के अंतर्गत राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान परिसर में 9 मार्च को डॉग शो (श्वान प्रदर्शन) का आयोजन किया जायेगा। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि विभाग द्वारा आयोजित इस श्वान प्रदर्शन में सम्मिलित होने वाले सभी श्वानों का निःशुल्क पंजीकरण किया जायेगा। श्वान प्रदर्शन में भाग लेने वाली प्रत्येक नस्ल के सर्वश्रेष्ठ श्वान के मालिकों को सम्मानित किया जायेगा। सभी नस्लों में सर्वश्रेष्ठ रहे श्वान को बेस्ट ऑफ द शॉ का अवार्ड दिया जायेगा। डॉ. छंगाणी ने बताया कि इस अवसर पर श्वानों की फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, श्वान प्रेमियो हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्वानों के प्रति दया, प्रेम, करुणा का भाव रखने व उनके व्यवहार को पहचानते हुए उन पर की जाने वाली क्रूरता की रोकथाम करना है।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की बांसवाड़ा यात्रा

● पदमावत मीडिया

बांसवाड़ा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की 2 मार्च रविवार को बांसवाड़ा की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों को दायित्व सौपे गये हैं। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक को यात्रा के दौरान समस्त प्रकार की सुरक्षा श्रेणी अनुसार सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित मापदंड अनुसार, कार्यक्रम अनुसार एस्कोर्ट, पायलेट की व्यवस्था, वायुयान/हेलीकोप्टर की सुरक्षा, कारकेड, यातायात एवं रूअ लाईनिंग, पार्किंग, वाहन एवं व्यक्तियों के पास जारी करने एवं असामाजिक तत्वों पर निगरानी व आवश्यकतानुसार पास जारी करने व अन्य आवश्यक व्ययवस्थाएं सुनिश्चित करने के साथ ही अन्य विभागों यथा अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुक्त नगर परिषद्, प्रभारी न्याय शाखा, अधीक्षण अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम, उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क, सहायक अभियंता पंचायत समिति कार्यालय तलवाड़ा, जिला रसद, विकास अधिकारी-तलवाड़ा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एनालिस्ट कम प्रोग्रामर एवं प्रौद्योगिकी विभाग को अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।आदेश में समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगणों एवं समस्त उपखंड अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने, मोबाइल बंद नहीं रखने तथा अपने विभागीय गतिविधियों से संबंधित सूचना के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं ताकि आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सके।

राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश महामंत्री एवं मोदरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक सेवानिवृत होने पर विदाई दीः जगमालसिंह राजपुरोहित मोदरान

● पदमावत मीडिया

मोदरान। स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोदरान स्टेशन पर शुक्रवार को विद्यालय में 13 वर्ष से अपनी सेवा देकर 28 फरवरी को प्रधानाध्यापक एवं राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश महामंत्री पूनम चंद बिश्नोई के विदाई समारोह का आयोजन स्थानीय विद्यालय में किया गया। समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेंद्र सिंह चारण प्रधानाचार्य श्री आशापुरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोदरान स्टेशन, मंच संचालन कर शिक्षक महेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा किया गया आपको बता दे की प्रधानाचार्य पूनमचंद बिश्नोई 19 अगस्त 1985 में जसवंतपुरा तहसील के तातोल विद्यालय में तृतीय श्रेणी शिक्षक के रूप में नियुक्ति हुई थी अपने चार माह की सेवा के बाद 30 दिसंबर 1985 को दातीवाड़ा गांव के विद्यालय रानीवाड़ा तहसील में 6 अप्रैल 1986 को अपने गांव की ग्राम पंचायत बासड़ा धनजी के विद्यालय में बहुत लंबी सेवा दी 6 अप्रैल 2006 को जोड़वाड़ा विद्यालय से 13 सितंबर 2013 को मोदरान स्टेशन में प्रधानाध्यापक सेवा देकर 28 फरवरी 2025 को 42 वर्ष से सेवानिवृत हुए इस

अवसर पर संगठन के विद्यालय के वह आसपास के विद्यालयों के शिक्षक ग्रामीण व बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित कही गणमान्य मौजूद रहे विद्यालय के छात्रों ने विदाई कविता विवाह गीत विद्यालय विद्यार्थी कई लोग भावुक हो गए बिश्नोई जीवन साधारण व्यक्ति सादगी पुरुष जुझारू हर कार्य के प्रति लग्न मेहनत ईमानदार के रूप में सदैव याद किया जाएगा इस अवसर पर किशनाराम विश्नोई पूर्व प्रधानाचार्य मोदरान स्टेशन किशन लाल सारण जिला अध्यक्ष सयुक्त कर्मचारी महासंघ जालौर श्री राम निवास साहू जिला अध्यक्ष प्रगतिशील संगठन जालौर डॉ अशोक कुमार प्रजापत तवाव ओम प्रकाश पावली डूंगर सिंह कबावत मंडोली शंभू सिंह सेरना आबकारी अधिकारी उदयपुर गिरधारी सिंह राम मेहला सेरना जय किशन खिलेरी खीयाराम पूनिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक शैतान सिंह कबावत विद्यालय के स्टाफ परसराम प्रजापत महेंद्र सिंह राठौड़ प्रद्युम्नसिंह चौहान देवी प्रचाद बिश्नोई श्रीमती संतोष बिश्नोई श्रीमती ममता आशिया सहित कैजन मौजूद रहे।

डॉ. प्रवीण गांवकर और अमित गंगानी ने दी मनमोहक प्रस्तुति

शिल्पग्राम में ऋतु वसंत उत्सव का दूसरा दिन, 'शुभ दिन घड़ी आज प्रगट भये नंद कन्हाई'

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। शिल्पग्राम में आयोजित तीन दिवसीय 'ऋतु वसंत' उत्सव के दूसरे दिन शनिवार को गोवा के प्रतिष्ठित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक डॉ. प्रवीण गांवकर और जयपुर घराने के प्रसिद्ध कथक कलाकार अमित गंगानी ने अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह उत्सव पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च तक शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच में आयोजित किया जा रहा है। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शनिवार को डॉ. प्रवीण गांवकर ने अपनी सुमधुर आवाज और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ के साथ मंच पर प्रस्तुति दी। उनकी गायकी ने बसंत ऋतु के भावों को संगीतमय रूप से जीवंत कर दिया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। गोवा से आए इस ख्यातिप्राप्त गायक ने अपनी कला से संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया। वहीं, जयपुर घराने के प्रख्यात कथक कलाकार अमित गंगानी ने अपनी नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को अभिभूत किया। उनकी प्रस्तुति में जयपुर घराने की विशेषता - तीव्र तालबद्ध पैरों की थाप, सुंदर भाव-भंगिमाएँ और ऊर्जा से भरपूर प्रदर्शन - स्पष्ट रूप से झलकी। बसंत ऋतु के रंगों को उनके नृत्य ने मंच पर जीवंत कर दिया, जिसने दर्शकों को तालियों से सम्मानित करने के लिए प्रेरित किया। सभी कलाकारों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में आरएसएमएम के एमडी भगवती प्रसाद कलाल, डॉ. प्रेम भण्डारी, देवेन्द्र हिरण सहित शहर के कई गणमान्य जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन मोहिता दीक्षित ने किया। गोवा के ख्याति प्राप्त संगीतज्ञ डॉ. प्रवीण गांवकर ने राग रागेश्वरी में विलंबित जुमला ताल पर आधारित भक्ति रचना 'शुभ दिन घड़ी आज प्रगट भये नंद कन्हाई' की मनमोहक प्रस्तुति दी, जो संगीत प्रेमियों के लिए एक सौगात बन गई है। राग रागेश्वरी, जो अपनी सौम्यता और गहरी भावनात्मक अभिव्यक्ति के लिए जाना जाता है, इस प्रस्तुति में विलंबित जुमला ताल के साथ और भी प्रभावशाली बन गया। यह ताल, जो अपनी धीमी और संतुलित लय के लिए प्रसिद्ध है, 'शुभ दिन घड़ी आज प्रगट भये नंद कन्हाई' के बोलों को एक अलौकिक आनंद प्रदान करता है। यह रचना भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और उनके आगमन की शुभता को चित्रित करती है, जिसे डॉ. गांवकर ने अपनी संगीतमयी साधना से जीवंत कर दिखाया। 'नंद घर आज बधाई गावो सब मिल बजाओ गुणीजन...' राग पहाड़ी ठुमरी 'बातों-बातों में बीत गई रात मोरी....' प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रवीण गांवकर के साथ सारंगी पर वसीम खान, तबले पर रोहिदास परब, हारमोनियम पर सुभाष, तानपुरा पर विशाल राठौड़ एवं डिम्पी सुहालका ने संगत की। डॉ. अमित गंगानी और उनके कथक नृत्य दल ने भगवान शिव की महिमामयी 'शिव तांडव स्तोत्र' को राग वसंत के स्वरों में प्रस्तुत कर एक अनूठा प्रदर्शन किया। यह प्रस्तुति नृत्य, संगीत और भक्ति का एक ऐसा मेल है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिव तांडव स्तोत्र, जिसकी रचना रावण ने की थी, अपनी शक्ति और भक्ति भावना के लिए प्रसिद्ध है। डॉ. अमित गंगानी ने अपने दल के साथ इस स्तोत्र को राग वसंत की मधुरता में ढाला है। इस प्रस्तुति में कथक की तीव्र चालें, तांडव की ऊर्जा और राग वसंत के कोमल स्वरों का समन्वय देखने को मिला। डमरू की लय और कथक के इस प्रदर्शन ने और भी जीवंत बना दिया। पंडित सुंदरलाल गंगानी द्वारा रचित पारंपरिक होरी को डॉ. अमित गगानी और उनके कथक नृत्य दल ने एक शानदार प्रस्तुति के रूप में मंच पर उतारा। यह प्रदर्शन होली के उत्सव की भावना को नृत्य और संगीत के माध्यम से जीवंत करने का एक अनुपम प्रयास है। इस होरी को कथक की लय और ताल में पिरोया है। इस प्रस्तुति में कथक के चक्कर और भावपूर्ण अभिनय के साथ होरी की मधुर धुन का संयोजन देखने को मिला, जो दर्शकों को होली के उत्साह में डुबो दिया। इसके साथ ही रांग हंस ध्वनि आधारित संगम दल द्वारा प्रस्तुत की गई। तबले पर पंडित राजेश गंगानी, हारमोनियम और गायन अभिषेक गंगानी, सारंगी पर पं. विनोद पंवार, बांसुरी और सितार पर बंटी आर्य, परकशन शिवम गिल द्वारा संगत की। आज मोहम्मद अमान खान एवं कनक सुधाकर दल देगा प्रस्तुति रविवार को मोहम्मद अमान खान द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे। उसके बाद दिल्ली की सुप्रसिद्ध नृत्यांगना कनक सुधाकर दल द्वारा भरतनाट्यम की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

एजीटीएफ जयपुर, थाना चिड़ावा व एजीटीएफ चिड़ावा की बड़ी कार्रवाई

अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, मुख्य सरगना सहित चार मुल्जिम गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

जयपुर । एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स जयपुर एवं चिड़ावा के साथ थाना चिड़ावा पुलिस की टीम ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर मुख्य सरगना सहित 4 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में 18 सदस्यों की 4 टीमों ने 760 किलोमीटर तक पीछा कर इन आरोपियों को नागौर जिले से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। जिन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में दो दर्जन वारदातें करना स्वीकार किया है। डीआईजी झुंझुनू शरद चौधरी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से गांव पिचानवां में दिनदहाड़े हुई नकबजनी की वारदात सहित जिले के पांच थाना क्षेत्र एवं हरियाणा की दो दर्जन से अधिक घटनाओं का खुलासा हुआ है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम को उनके द्वारा 20 हजार रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। गिरफ्तार आरोपी रामकुमार खटीक पुत्र गुगनराम उम्र 37 साल निवासी वार्ड न. 13 लौहारू, नबाब खां पुत्र नजीर खां ऊर्फ गंजिया उम्र 28 साल निवासी वार्ड न. 5 लोहारू, सुनिल ऊर्फ मोगली पुत्र जलेसिंह कुमावत उम्र 23 साल एवं रवि कुमावत पुत्र रमेश कुमार उम्र 28 साल निवासी पुराना बाजार लौहारू जिला भिवानी हरियाणा के रहने वाले हैं। जिन्होंने पूछताछ में झुन्झुनू जिले के थाना चिडावा, पिलानी, सुरजगढ, सिघांना, खेतडी व हरियाणा के सतनाली में करीब दो दर्जन चोरी व नकबजनी की घटना करना बताया है। डीआईजी

चौधरी ने बताया कि 25 फरवरी को चिड़ावा थाना क्षेत्र के पिचानवां गांव में नवीन कुमार जाट के सूने पड़े मकान से अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवरात एवं 2.20 लाख चोरी कर ले गए थे। घटना की सूचना मिलते ही एसएचओ आशा राम गुर्जर तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके से साक्ष्य संकलन किये गये। गांव पिचानवां व थाना ईलाके मे लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को चुनौती के रूप में लिया जाकर खुलासा करने विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा जमीनी स्तर पर आसूचना संकलन कर झुन्झुनू, सीकर, डीडवाना, नागौर व अन्य जगहों पर लगे करीबन 250 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चैक कर बदमाशों के आने जाने के रूट को चिन्हित किया। आरोपियों की तलाश में पुलिस ने लगातार 760 किलोमीटर तक पीछा किया गया। एजीटीएफ टीम जयपुर से तकनीकी विशेषज्ञ हेड कांस्टेबल मोहन भूरिया व कांस्टेबल सोहन देव यादव की मदद से बदमाशों की पहचान की गई। जिसके आधार पर घटना को अन्जाम देने वाले नकबजनों को जोधपुर-नागौर रोड़ पर स्थित हरियाणा होटल के पास से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही हैं। जिन्हें कल कोर्ट में पेश कर पुलिस कस्टडी रिमांड प्राप्त कर चुराए गए माल की बरामदगी के प्रयास किये जाएंगें। इस कार्रवाई में एसजीटीएफ जयपुर के हेड कांस्टेबल मोहन भूरिया वह कांस्टेबल सोहन देव यादव एवं एजीटीएफ चिड़ावा के कांस्टेबल अमित सिहाग की विशेष भूमिका रही।

कैफे आने वाले लड़के-लड़कियों को रिकॉर्ड कर रहा था शातिर, आईफोन के हिडन फोल्डर में मिले 33 अश्लील वीडियो

● पदमावत मीडिया

चित्तौड़गढ़ । शहर के एक कैफे में युवक-युवतियों के अश्लील फोटो और वीडियो बनाने का मामला सामने आया है. जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. शहर कोतवाली पुलिस ने कल यानी शुक्रवार को केस का खुलासा करते हुए कैफे संचालक को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने उसके पास से दो तलवारें भी बरामद की हैं. पुलिस ने आरोपी कैफे संचालक के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य मामलों में केस दर्ज कर उससे पूछताछ कर रही है।

पुलिस को देखकर आरोपी तलवार लहराने लगा

मामले को लेकर पुलिस ने जानकारी दी कि कोतवाली थाना प्रभारी भवानी सिंह पुलिस टीम के साथ गांधीनगर में गंभीरी नदी के पुल परशुराम सेतु पर गश्त के लिए गए थे. इस दौरान एक व्यक्ति ने पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने की कोशिश की. इस पर संदेह हुआ. उसके बाएं हाथ में प्लास्टिक की पिस्तौल थी. जब पुलिस उसे पकड़ने वहां पहुंची तो उसने तलवार निकालकर हवा में लहराना शुरू कर दिया. बड़ी मुश्किल से उसे काबू किया गया. साथ ही उसके पास रखे बैग की तलाशी ली गई, जिसमें एक और तलवार मिली. पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

कैफे की आड़ में लड़के लड़कियों की बनाता था अश्लील वीडियो

पुलिस ने आगे बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दुष्यंत कुमावत बताया. उसने यह भी बताया कि वह महाराणा प्रताप सेतु मार्ग पर एक शोरूम के ऊपर फोर्ट कैफे चलाता है. इसी कैफे में कई लड़के, लड़कियां, कपल कॉफी पीने आते हैं. कैफे में अलग-अलग केबिन हैं, जिसमें लड़के और लड़कियां बैठते हैं. इस दौरान वह आईफोन से केबिन का पर्दा साइड में करके लड़के-लड़कियों के निजी पलों का वीडियो बनाता है।

आईफोन में मिले 33 अश्लील वीडियो

पुलिस जांच और पूछताछ में आरोपी दुष्यंत कुमावत के पास आईफोन-14 मिला, जिस पर स्क्रीन लॉक लगा हुआ था. पुलिस ने उसका पासवर्ड पूछा और जांच की, जिसमें एक छिपा हुआ फोल्डर मिला, जिसे खोलने पर कई पुरुषों और महिलाओं के 33 अश्लील वीडियो और कई आपत्तिजनक फोटो मिले, जो कैफे में आने वाले जोड़ों की जानकारी के बिना बनाए गए थे. पुलिस ने मामले में आरोपी दुष्यंत कुमावत को गिरफ्तार कर लिया है. मामले की जांच सदर थानाधिकारी निरंजन प्रताप सिंह कर रहे हैं।

स्वस्तिधाम, जहाजपुर में होगा राष्ट्रीय जैन पत्रकार सम्मेलन

जैन पत्रकार महासंघ करेगा तीन पत्रकारों को जैन पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित

● पदमावत मीडिया

जयपुर । भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के 125 वर्ष पूर्ण होने पर रजत स्थापना वर्ष 2026- 27 के क्रम में प्रभावना हेतु जैन पत्रकार महासंघ की सहभागिता से जैन पत्रकार सम्मेलन 22 -23 मार्च 2025 को परम पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन मुनिसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र स्वस्ति धाम जहाजपुर, भीलवाड़ा में आयोजित होगा । जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि उक्त अधिवेशन में पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान देने वाले तीन वरिष्ठ व श्रेष्ठ लेखक, विद्वान, पत्रकारों का सम्मानित किया जाएगा, महासंघ के निर्णय अनुसार निर्णायक मंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन महावीर सनावद, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुनील जैन संचय ललितपुर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप जैन जयपुर 3 वरिष्ठ व श्रेष्ठ पत्रकारों का चयन करेंगे । प्रथम अवार्ड अविराम कर्मयोगी, जैन रत्न, समाज भूषण राजेंद्र के गोधा स्मृति में, दूसरा अवार्ड वागड गौरव, कालिंजरा रत्न, देहदानी सोहनलाल गांधी स्मृति में, तीसरा अवार्ड परम पूज्य आचार्य श्री योगीन्द्र सागर महाराज जी की स्मृति में जैन पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे । राष्ट्रीय अधिवेशन में तीर्थों के संरक्षण में पत्रकारों का योगदान, समाज उत्थान में पत्रकारों की भूमिका विषय पर चिंतन व मन्थन, जैन पत्रकार महासंघ की सामान्य बैठक, भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी की मीटिंग आदि कार्यक्रम होंगे । उक्त अधिवेशन में देश के विभिन्न प्रांतो से जैन पत्रकार, विद्वान व लेखक उपस्थित होंगे।

प्रतापगढ़ में लहसुन की क्यारियों में गांजे की खेती

135 गांजे के पौधे जब्त, पुलिस को देख भागने लगा किसान, घेरकर पकड़ा

● पदमावत मीडिया

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ में लहसुन की फसल की क्यारियों में गांजे की खेती करने के मामले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को देख आरोपी ने भागने की कोशिश की, जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया। खेत से 135 गांजे के पौधे बरामद किए गए है। प्रतापगढ़ पुलिस ने खेरियादों में कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल के निर्देश पर की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि थाना धमोतर की टीम ने मुखबिर की सूचना पर खेरियादों में दबिश दी थी। किसान भगवानलाल मीणा (68) के खेत में गेहूं की सूखी फसल के बीच लहसुन और मक्के की हरी फसल लगी हुई थी। आरोपी ने लहसुन की क्यारियों के बीच में गांजे के पौधे उगाए गए थे। पुलिस

को देखते ही आरोपी भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। खेत की तलाशी के दौरान पुलिस ने खेत से 71.63 किलोग्राम वजन के 135 गांजा के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने इन पौधों को चार कट्टों में भरकर जब्त कर लिया। थाना धमोतर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। ये कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसिंह और वृत्ताधिकारी छोटीसादड़ी गोपाललाल हिंडोनिया के मार्गदर्शन में की गई।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित आदिवासी क्षेत्र विकास के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित-जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

● पदमावत मीडिया

जयपुर/उदयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि जनजाति कल्याण की भावना से हमारी सरकार आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं से अनुसूचित क्षेत्र, माडा क्षेत्र, माडा कलस्टर, बिखरी जनजाति योजना क्षेत्र व सहरिया आदिम जनजाति क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। श्री खराड़ी ने जनजातीय महानायकों को याद करते हुए कहा कि आदिवासी समाज ने देश की आजादी, मातृभूमि, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुतियां दी हैं। देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। राज्य सरकार जनजाति नायकों को इतिहास में उचित स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। गत बजट में डूंगर बरंड़ा, बांसिया चारपोटा के स्मारक बनाने तथा वीर बालिका कालीबाई संग्रहालय का निर्माण कराने के लिए घोषणा की गई थी, इनका कार्य प्रगतिरत है। इनके निर्माण से भावी पीढ़ी गौरवशाली विरासत को समझ सकेगी। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री शुक्रवार को विधान सभा में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (मांग संख्या-30) की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने विभाग की 361 अरब 14 करोड़ 76 लाख 03 हजार रूपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी। श्री खराड़ी ने कहा कि विभाग ने नवाचारों के जरिए आदिवासी क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया है। इसमें संचार सेतु स्थापना, नवीन अमृत कलश योजना, जनजाति डिजाइन स्टूडियो 'बनफूल', लेक्रोस खेल जैसे नवाचार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 'वर्कर्स मॉनिटरिंग सिस्टम' भी लागू किया गया है। छात्रावास अधीक्षक कैडर का गठन, 470 पदों पर होगी भर्ती जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने कहा कि विभाग ने अपने छात्रावासों में अधीक्षक कैडर निर्माण के लिए बड़ी पहल की है। इसके लिए छात्रावास अधीक्षक (महिला) ग्रेड-2 व छात्रावास अधीक्षक (पुरूष) ग्रेड-2 के पदों को कार्मिक विभाग की अधिसूचना 16 जनवरी, 2025 से राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में शामिल कर दिया गया है। विभाग द्वारा 470 अधीक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जनजाति विकास कोष की बढ़ाई राशि श्री खराड़ी ने कहा कि वर्तमान बजट में भी जनजाति विकास को लेकर बड़ी घोषणाएं की गई हैं। जनजातीय उपयोजना क्षेत्र में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दृष्टि से जनजाति विकास कोष की राशि 15 सौ करोड़ रूपए से बढ़ाकर 1750 करोड़ रूपए किए जाने की घोषणा हुई है। उन्होंने सदस्यों और जनजाति क्षेत्र निवासियों को आश्वस्त किया कि बजट घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करा लिया जाएगा। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने कहा कि जनजाति आस्था के केन्द्रों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए बारां स्थित सीताबाड़ी और उदयपुर स्थित कमलनाथ महादेव व जावरमाता में कार्यों के लिए 16 करोड़ रूपए से अधिक की स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना भी हमारी जिम्मेदारी है। अभी 4 हजार 697 युवाओं को प्रशिक्षण मिल चुका है।वनधन केन्द्रों से लाभान्वित हो रहा जनजाति वर्ग श्री खराड़ी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजाति वर्ग के कृषि एवं वन आदि उत्पादों के विपणन में सहयोग प्रदान करने के लिए वनधन केंद्रों की स्थापना हुई हैं। राज्य के 9 जिलों में 530 वनधन केंद्रों से लगभग 1 लाख 53 हजार सदस्य लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिम जाति सहरिया के विकास पर भी सरकार विशेष ध्यान दे रही है। केंद्र सरकार की पीएम जनमन योजना के तहत बारां जिले के सहरिया क्षेत्र में नवीन 17 मल्टी-परपज केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। जिले में ट्राईफेड, जनजाति कार्य मंत्रालय केंद्र सरकार द्वारा 51 वनधन विकास केंद्रों का गठन किया गया है। इसके अतिरिक्त अति-पिछड़ी सहरिया, कथौड़ी जनजाति एवं खैरवा जाति के लगभग 1 लाख 30 हजार से अधिक व्यक्तियों को प्रतिमाह प्रति यूनिट 500 ग्राम दाल, 500 मिलीग्राम तेल व 250 मिलीग्राम देशी घी निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

अभिभावक व शिक्षकों के बीच संवाद सेतु बनी मेगा पीटीएम

- प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में हुआ मेगा पीटीएम का सफल आयोजन
- बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा
- परिणाम के साथ ही प्रयास पर भी हुई बा

● पदमावत मीडिया

जयपुर । राजस्थान शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में 1 मार्च, शनिवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक (मेगा पीटीएम) आयोजित की गई। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में आयोजित की गई पीटीएम में बड़ी संख्या में अभिभावक विद्यालय पहुंचे, उन्होंने शिक्षकों से अपने बच्चों के शिक्षण व अन्य विषयों पर बात की। विद्यार्थी के अध्ययन, परिणाम व अन्य मुद्दों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इनमें अपार आईडी जनरेशन, शाला स्वास्थ्य सर्वेक्षण में संकलित की जा रही बच्चों की स्वास्थ्य जानकारी, एनपीसीआई आधार सीडिंग के बारे में भी बात की गई। अभिभावकों ने मेगा पीटीएम के इस प्रयास को काफी सराहा। अभिभावकों का कहना था कि पीटीएम में ना केवल बच्चों के शैक्षिक स्तर की जानकारी मिली बल्कि अपार जनरेशन जैसे अन्य विषयों के बारे में शिक्षकों ने जागरूक किया। ऐसे में पीटीएम एक संवाद सेतु के रूप में कारगर सिद्ध हुई है। पीटीएम ने विद्यार्थियों के हित में शिक्षकों व अभिभावकों के बीच सामंजस्य बनाने का काम किया। पीटीएम में शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बालक-बालिका की प्रगति की जानकारी देने के साथ ही शैक्षणिक प्रगति में सुधार के लिए वांछित सलाह भी दी। वहीं पीटीएम में मुख्य रूप से कक्षा 3 से 8 के बच्चों को कक्षा स्तर तक लाने के लिए 21 व 22 जनवरी को आयोजित किए गए दक्षता आधारित आकलन-3 के प्रिंटेड परिणाम पत्र उपलब्ध करवाकर बच्चों की प्रगति से अभिभावकों को अवगत करवाया गया। गौरतलब है कि प्रदेश में मेगा पीटीएम के इस आयोजन को लेकर शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर व शासन सचिव स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल ने अभिभावकों से इसमें शामिल होने की अपील की थी।

चंद्र प्रकाश चित्तोड़ा को मिली-मिनि एंड माइक्रो आर्टिस्ट की मानद पीएचडी उपाधि



● पदमावत मीडिया

उदयपुर। भारत सरकार से मान्यता प्राप्त आईकॉनिक पीस अवार्ड कॉउन्सिल ने श्री चंद्र प्रकाश चित्तोड़ा को मिनी एंड माइक्रो आर्टिस्ट की मानद विद्यावाचस्पति (पीएचडी) डिग्री प्रदान की है। लोकजन सेवा संस्थान के कार्यक्रम में उपस्थित होकर डॉ चित्तोड़ा ने अपनी डिग्री, स्मृति चिन्ह व आई डी कार्ड श्री भंवर लाल गुर्जर, कुलाधिपति विद्यापीठ, प्रो भगवती प्रसाद शर्मा ग्रुप प्रेजिडेंट पेसिफिक, प्रो उमाशंकर शर्मा, पूर्व कुलपति एम पी यू ए टी व प्रो विमल शर्मा के हाथों ग्रहण किया। सभी ने डॉ चित्तोड़ा को उत्तरोतर अपनी विधा में उत्कृष्ट कार्य करते रहने की शुभकामनायें प्रेषित की।

विधानसभा अध्यक्ष ने की ब्यावर कलेक्टर एवं एसपी से बात, दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की जांच के लिए करें एसआईटी का गठन, आरोपियों की अवैध सम्पत्ति को जल्द हटाए प्रशासन : देवनानी

● पदमावत मीडिया

अजमेर । विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की गंभीरता को देखते हुए ब्यावर कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिए हैं कि इस मामले की विस्तृत जांच के लिए एसआईटी का गठन करें। आरोपियों की अवैध सम्पत्ति को जल्द हटाएं, आरोपियों को मिलने वाली फंडिंग की भी विशेष जांच करें ताकि प्रकरण में पर्दे के पीछे रहकर अवैध गतिविधियां चलाने वाले चेहरों को भी बेनकाब किया जा सके। बिजयनगर ब्लैकमेल कांड की जांच एवं अन्य मांगों को लेकर सर्व समाज संघर्ष समिति बिजयनगर ने शनिवार को अजमेर अध्यक्ष श्री रमेश सोनी के नेतृत्व मंष विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी के निवास पर मुलाकात की। समिति ने श्री देवनानी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया और गहन जांच के लिए एसआईटी (स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम) गठित करने का आग्रह किया। समिति ने बताया कि यह पूरा मामला एक संगठित अपराध का है और इसमें योजनाबद्ध रूप से मासूम और

नाबालिग बच्चियों को फसाने की साजिश रची गई है। पुलिस इस मामले की विशेष जांच करे तो परतें खुल सकती हैं। इस पर विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने ब्यावर कलक्टर और पुलिस अधीक्षक से बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि मामले की जांच के लिए यथाशीघ्र एसआईटी का गठन करें। इस कांड में नामजद शेष आरोपियों के खिलाफ शीघ्र गिरफ्तारी की प्रक्रिया को तेज किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने जांच के दायरे को और विस्तृत करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि आरोपियों को फंडिंग कहाँ से हो रही थी। इस पर व्यापक और गहन जांच की जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी निर्देशित किया कि आरोपियों द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को तुरंत ध्वस्त किया जाए, ताकि इस तरह के अपराधों पर रोक लगाई जा सके और कानून का पालन सुनिश्चित हो सके। श्री देवनानी ने यह भी कहा कि प्रशासन इस मामले में पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। श्री देवनानी ने ब्यावर और अजमेर पुलिस को निर्देश दिए कि हाईवे, शहरी क्षेत्र और छोटी कॉलोनियों में बने कैफे, रेस्टोरेन्ट और अन्य स्थानों पर जांच को निरन्तर जारी रखा जाए ताकि समय रहते से अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने अभिभावकों, स्कूल प्रशासन, शिक्षकों एवं बच्चों से सीधा सम्पर्क में रहने वाले सभी लोगों से अपील की कि वे किसी भी असामान्य स्थिति पर नजर रखे और किसी भी तरह की परेशानी वाली जानकारी मिलने पर तुरन्त पुलिस और प्रशासन को अवगत कराए। उन्होंने कहा कि अजमेर के ब्लैकमेल कांड के जख्म अभी भी पूरी तरह भरे नहीं है और बिजयनगर का यह ब्लैकमेल कांड बहुत बड़ा धब्बा है। इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

कैट विमेन विंग उदयपुर की बिजनेस विजिट का आयोजन

सफलता के लिए सम्यक दृष्टिकोण, वृद्धि एवं कल्याण में संतुलनः डॉ. स्वीटी छाबड़ा

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (केट) वूमेन विंग उदयपुर द्वारा एनआईसीसी छाबड़ा निवास में बिजनेस विजिट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, उनके व्यवसाय को बढ़ावा देना और विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित करना था। कैट विमेन विंग उदयपुर की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने बताया कि कैट सदस्यों के व्यवसाय को जानने, उनके प्रमोशन और अलग-अलग विषयों पर चर्चा के लिए हर महीने तीन बार बिजनेस विजिट का आयोजन किया जाता है।

इसी कड़ी में आयोजित एनआईसीसी बिजनेस विजिट में डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने सफलता और संतुलन पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि सफलता केवल लक्ष्य प्राप्ति तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्तिगत वृद्धि और कल्याण के संतुलन में निहित होती है। जब हम अपनी आकांक्षाओं की ओर बढ़ते हैं, तो मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने यह भी बताया कि व्यावसायिक वृद्धि के लिए नए कौशल सीखना, आत्म-सुधार करना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना आवश्यक है। कल्याण के लिए संतुलित जीवन जीना, आत्म-देखभाल करना और आंतरिक शांति बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अत्यधिक कार्य का दबाव या केवल आत्मसंतुष्टि - दोनों ही असंतुलित दृष्टिकोण हैं। सफलता तब सार्थक होती है जब हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ जीवन का आनंद भी ले सकें। कैट विमेन विंग की सचिव डॉ. सोनू जैन ने बताया कि इस अवसर पर सेल्फ मेकअप और हेयर स्टाइलिंग पर एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि अलग-अलग स्किन टाइप के अनुसार सही मेकअप का चयन कैसे करें, विभिन्न चेहरे के आकार के अनुसार कौन-सी हेयर स्टाइल उपयुक्त रहती है, और संपूर्ण लुक को आकर्षक बनाने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए । इस आयोजन में कैट विमेन विंग उदयपुर की कविता बल्दवा, उर्मिला हैं चयनिका गलूंडीया मीनल जैन, अनिमा गोस्वामी, दीपमाला मेवाड़ा, नवनीत छाबड़ा, निर्मला सोनी, कल्पना चौरडिया, मीना तलेसरा सहित 50 से अधिक सदस्य उपस्थित रहीं। कैट विमेन विंग उदयपुर महिला उद्यमियों के विकास और नेटवर्किंग के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस तरह की बिजनेस विजिट और कार्यशालाओं का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा।

उदयपुर डीएसटी व थाना सूरजपोल की अवैध हथियार के विरूद्ध संयुक्त कार्रवाई

वारदात करने से पहले हिस्ट्रीशीटर लोडेड देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । जिले की स्पेशल टीम एवं थाना सूरजपोल पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते किसी बड़ी वारदात से पहले हिस्ट्रीशीटर जावेद खान उर्फ लाला पुत्र मुन्ना खान निवासी दिवानशाह कॉलोनी, पटेल सर्कल थाना सूरजपोल जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल मय 3 जिन्दा कारतूस जप्त करने में सफलता हासिल की है। एसपी योगेश गोयल द्वारा अवैध हथियारों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं प्रभारी डीएसटी श्याम सिंह रत्नू व एसएचओ रतन सिंह चौहान मय टीम द्वारा आसूचना के सहयोग से शुक्रवार को कब्रिस्तान के पास, रेल्वे कोलोनी से अभियुक्त जावेद खान उर्फ लाला को एक लोडेड देशी पिस्टल मय 3 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया।

आरोपी हिस्ट्रीशीटर ने पूछताछ में उक्त देशी पिस्टल व जिन्दा कारतूस रंजिश रखने वालों को डराने धमकाने के लिये सिकन्दर लाला निवासी अखेपुर जिला प्रतापगढ से खरीद कर लाना बताया है। जावेद खान उर्फ लाला थाना सूरजपोल का हिस्ट्रीशीटर है, इसके विरूद्ध जिले के अलग-अलग थानों पर मारपीट, लूट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट, जुआ, छेडछाड, चोरी नकबजनी, हत्या का प्रयास आदि के करीब ढाई दर्जन प्रकरण दर्ज है। अभियुक्त से देशी पिस्टल की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में गहन पूछताछ के लिए मुलजिम का न्यायालय से पीसी रिमाण्ड प्राप्त किया जाकर अनुसंधान जारी है।

निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन

● पदमावत मीडिया

उदयपुर । पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला एवं श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल परिसर में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने विभिन्न चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेयरमैन राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन,स्त्री एवं प्रसूति रोग,शिशु रोग,अस्थि रोग, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, जनरल सर्जरी,नेत्र रोग,वक्ष एवं क्षयरोग, चर्म एवं रतिज रोग, नाक-कान-गला रोग, न्यूरोलॉजी-न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, ऑन्कोलॉजी, ऑन्कोसर्जरी, गैस्ट्रोलॉजी, गैस्ट्रोसर्जरी, मनोचिकित्सा विभाग, मधुमेह, थायरॉइड एवं हार्मोन रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। शिविर में मरीजों कीसोनोग्राफी, एक्स-रे, मेमोग्राफी, ई.सी.जी, इकोकार्डियोग्राफी, टी.एस.एच., विटामिन बी12, विटामिन डी3,सी. बी.सी., ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट,किडनी फंक्शन टेस्ट एवं यूरिन टेस्ट आदि जॉचें निःशुल्क की गईं। शिविर के सफल आयोजन में श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था मेवाड़ के अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली का विशेष योगदान रहा। उन्होंने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराना था। इस अवसर पर उमेश श्रीमाली, प्रफुल श्रीमाली, यशवंत श्रीमाली, धर्मेंद्र श्रीमाली, अनीश दुर्गावत, मयंक श्रीमाली एवं हेमेंद्र श्रीमाली का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

बांसवाड़ा जिले में सुरक्षा जवान भर्ती बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका शारीरिक मापदंड के अनुसार होगा युवाओं का चयन

● पदमावत मीडिया

बांसवाड़ा। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद् नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत एवं ईस्कील इण्डिया डवलवमेंट के द्वारा ग्रामीण एवं शहरी शिक्षित बेरोजगार युवाओं सिक्योरिटी ईसकिल काउंसिल इण्डिया द्वारा सुरक्षा सैनिक व सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती चयन परीक्षा आयोजन कार्यक्रम निर्धारित तिथियो में किया जा रहा है। इसके तहत आज दिनांक 01 मार्च-2025 को पंचायत समिति तलवाड़ा के अभ्यर्थियों के लिए किया गया जिसमें 50 युवाओं ने भाग लिया भर्ती आधिकारी विवेकानंद सुमन ने मापदंड के आधार पर 25 युवाओं का चयन किया गया। भर्ती अधिकारी विवेकानंद ने बताया कि अगली भर्ती की तिथियां निर्धारित की गई जिसके अनुसार 03 मार्च-2025 को पंचायत समिति गढ़ी, 04 मार्च को पंचायत समिति अरथूना 05 मार्च को पंचायत समिति आनंदपुरी, 06 मार्च को को पंचायत समिति गांगडतलाई, 07 मार्च कोको पंचायत समिति बागीदौरा, 08 मार्च को पंचायत समिति सज्जनगढ, 10 मार्च को पंचायत समिति कुशलगढ़, दिनांक 11 मार्च को पंचायत समिति बांसवाड़ा के अभ्यर्थियों व सर्मपूण राजस्थान के लिए निम्न योग्यता बाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। लंबाई 168 सेंटीमीटर वजन 56 किलो से 90 किलो उम्र 19 से 40 वर्ष , 10वीं पास या फैल एवं ग्रेजुएट जिले में व जिले के बाहर काम करने के इच्छुक हों भाग ले सकेंगे। अधिक जानकारी के लिए मो.नं. 6367441614 व 7073744937 अथवा वेबसाइट www.ssciindia.com से जानकारी ली जा सकेगी। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को एक माह के प्रशिक्षण के बाद 65 साल की नोकरी दी जायेगी अन्य सुविधायें पीएफ पेंशन, ग्रज्युट, बीमा , सालाना बेतन वृद्धि, आवास एवं मैस की सुबिधा, 100 प्रतिशत जोब, सैलरी 14000/22000 हजार सुरक्षा सैनिक की एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की 15000 से 25000 हजार तक मासिक वेतन देय होगा।

सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्र जावरिया, गोपाल भावसार व वनमाला चित्तौड़ा का उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर द्वारा एमबी अस्पताल के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्र जावरिया, गोपाल भावसार व वनमाला चित्तौड़ा का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं एवं व्यवहार के लिए सम्मान व अभिनंदन किया गया। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रवीण चरपोटा के नेतृत्व में उपरणा, शोल ओढ़ाकर, श्री फल एवं प्रसंशा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नर्सिंग अधीक्षक गीता आहारी, ओमप्रकाश पालीवाल, श्रीदेवी एम, नूरानी मेयडा, ललीत कंसारा, भगवान सिंह व भगवत सिंह थे। विशिष्ट अतिथि कार्यकारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत आमेटा, संरक्षक रमेश मीणा, संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी वक्ताओं ने उनके कार्य शैली एवं उत्कृष्ट सेवाओं की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम में संतोष पुरी , सूरज जैन,हेमंत आमेटा द्वितीय ,लक्ष्मी लाल सालवी, डॉ विपिन मेहता , प्रमोद भाटी, ओमप्रकाश खंडेलवाल,गुलाब सेन, अनिल जीनगर, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत , शर्मिला माली , शकीला अंसारी, चंद्रकांता तलेसरा, पुष्पा मालवारी, सुनीता सिंह,, अर्चना पार्टी राजेंद्र जोशी ,पुष्पा भाटी, लता धोबी, मोहनलाल सालवी, अन्नपूर्णा गोस्वामी, राजकुमारी सोनी, बसंती डामोर, सज्जन राठौर, सूर्यकांता मीणा, हरिश चौबीसा, ललित भोजक, रमेश पंजाबी, दिनेश सिसोदिया, अरुण डूंगरवाल ,दीपक मेघवाल , ओमप्रकाश कुर्डिया, सुरेंद्र शर्मा, साक्षी, विमला साहू ,सुनीता खंडेलवाल, लोकेश जेवरिया ,भारती शाह सैकड़ो नर्सिंग ऑफिसर एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

रोटरी क्लब उदयपुर मीरा के शिविर में 41 रक्तवीरों ने किया रक्तदान शिविर में 350 लोगों ने कराई बीपी, शुगर की जांच

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। रोटरी क्लब उदयपुर मीरा एवं मददगार हिंदुस्तानी के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि चेतक सर्कल पर रक्त शिविर का आयोजन किया। जिसमें 41 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। साथ ही लगभग 350 सदस्यों ने बीपी, शुगर आदि की जांचों का लाभ उठाया। किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करने के लिए रक्तदाताओं को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब सदस्य डॉ. ज्योत्सना जैन ने अपनी शादी की सालगिरह पर 12वीं बार रक्तदान किया। मददगार हिन्दुस्तान टीम के इस्लाम भाई व उनकी पूरी टीम ने रक्तदान शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इसके लिए रोटरी मीरा ने उनकी पूरी टीम का सम्मान किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कविता श्रीवास्तव, सचिव नीलम दुबे, संयुक्त सचिव डॉ.उर्मिला जैन, मधु सरीन डॉ. देवेन्द्र सरीन, प्रियंका जैन आदि ने भी सम्बोधित किया। शिविर में बाप-बेटे, पति-पत्नी और एक परिवार के सभी लोगो ने खून देकर एक अच्छा उधार दिया। सभी समाजों के लोगों ने इसमे बढ़चढ़ कर भाग लिया। एमबी ब्लड बैंक टीम एवं सरल ब्लड बैंक टीम उपस्थित रही। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्षा डॉ. प्रीति सोगानी ने किया। आभार सचिव नीलम दूबे ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर रोटरी मीरा के सदस्य राजकुमारी गांधी, विमला धाकड़, बलदीप शर्मा, कमला भारद्वाज, डॉ. रेखा सोनी, मुकेश शर्मा, तरूणा माथुर, सीनियर उपाध्यक्ष बृजराज राठौड़ आदि मौजूद रहे।

विशेष शिक्षकों का दस दिवसीय मल्टी कैटेगरी प्रशिक्षण संपन्न

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान , डाइट उदयपुर के तत्वावधान में रेती स्टैंड स्थित किसान भवन में विशेष शिक्षकों के लिए आयोजित 10 दिवसीय आवासीय मल्टी कैटेगरी प्रशिक्षण आज संपन्न हुआ। डाइट के जिला संदर्भ इकाई प्रभाग द्वारा प्रभारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शक्तावत के अनुसार गत 20 फरवरी से शुरू हुए इस प्रशिक्षण में छात्रों में दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों को ध्यान में रखते हुए अध्यापन की विधाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुरूप प्रतिदिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।इसके तहत दक्ष प्रशिक्षक राम सिंह रेगर ने श्रवण बाधित बच्चों की पहचान एवं शिक्षण में उपयोग ली जाने वाली साइन लैंग्वेज एवं हियरिंग एड्स के बारे में जानकारी दी जबकि दक्ष प्रशिक्षक नेतराम ने दृष्टि बाधित बच्चों की पहचान व उनके पढ़ने- लिखने के लिए ब्रेल लिपि के बारे में जानकारी दी साथ ही दक्ष प्रशिक्षक लखन लाल शर्मा द्वारा बौद्धिक क्षमता वाले बालक-बालिकाओं को पढ़ने लिखने में अपनाई जाने वाली तकनीक व उनके पहचान के लक्षणों के बारे में जानकारी दी आज शनिवार को डाइट प्रधानाचार्य श्री चंद्रशेखर जी जोशी की अध्यक्षता में समापन किया गया जिसमें संभागीयों की ओर से बलवीर सिंह शक्तावत ,संजय चरण एवं शिवानी शर्मा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विचार प्रकटकरते हुए प्रशिक्षण को दिव्यांग बालक- बालिकाओं के लिए बहुत उपयोगी बताया। समापन समारोह का संचालन ओंकार लाल मीणा ने किया। इस आवासीय प्रशिक्षण में उदयपुर, सिरोही, जालौर ,राजसमंद से 53 विशेष अध्यापकों ने भाग लिया।

स्वयं सहायता समूह केन्द्रित कृषि प्रसार कार्यक्रम

म्हिला स्वयं सहायता समूहों को 11.63 करोड़ की वित्तीय सहायता

● पदमावत मीडिया

उदयपुर। पंजाब नेशनल बैंक एवं राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच सभागार में स्वयं सहायता समूह केन्द्रित कृषि प्रसार कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। पीएनबी बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम का का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह, कृषि अवसरंचना कोष, प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएमफएमई) के अंतर्गत वित्तीय सहायता द्वारा कृषि के आधारभूत सरंचना को प्रगतिशील विकास के मार्ग पर प्रषस्त करना रहा। कार्यक्रम में राजीविका स्वयं सहायता समूहों के लगभग 400 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हे पंजाब नेशनल बैंक द्वारा वित्तीय सहायता एवं वित्तीय साक्षरता प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक, नई दिल्ली के महाप्रबंधक श्री अमिताभ राय तथा विषिष्ट अतिथि राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री ख्याली लाल खटीक, पीएनबी मण्डल प्रमुख श्री सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, उपमंडल प्रमुख श्री युवराज सिंह राठोड़, सहायक महाप्रबंधक श्री दुर्गेश कुमार सहायक महाप्रबंधक तथा मुख्य प्रबंधक श्री लोकेश यादव रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री राय ने उदयपुर जिले के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 11.63 करोड़ रुपये का चेक प्रदान कर वित्तीय सहायता तथा कृषि अवसरंचना कोष के अंतर्गत 8 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।

ज्ञानसागर गुरु मंदिर, जिनालय की आधारशिला 6 मार्च को भव्यातिभव्य जिनालय एवं ज्ञान गुरु मंदिर का होगा निर्माण

● पदमावत मीडिया



मुरैना । श्री दिगंबर जैन ज्ञानतीर्थ क्षेत्र में ज्ञानसागर गुरु मंदिर एवं नवीन जिनालय की आधारशिला 06 मार्च को रखी जाएगी । ज्ञानतीर्थ के ट्रस्टी योगेश जैन (खतौली वाले) दिल्ली द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार मासोपवासी आचार्य श्री सुमति सागर जी, सिंहरथ प्रवर्तक आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मति सागर जी एवं सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की पावन धरा पर ए.बी.रोड हाइवे पर नवनिर्मित जैन तीर्थ क्षेत्र ज्ञानतीर्थ मुरैना में ज्ञान गुरु मंदिर एवं नवीन जिनालय का भव्य शिलान्यास समारोह गुरुवार 06 मार्च को प्रातः 10 बजे से होने जा रहा है । उत्तरभारत के प्रथम दिगंबराचार्य श्री शांतिसागर जी छाणी परम्परा के षष्ट पट्टाचार्य सराकोद्धारक समाधिस्थ आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के स्वप्नों को साकार करने एवं पूज्य गुरुदेव द्वारा छोड़े गए अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का दृढ़ संकल्प ज्ञानसागर भक्त परिवार ने लिया है । पूज्य गुरुदेव सराकोद्धारक ज्ञानसागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य सप्तम पट्टाचार्य ज्ञेयसागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से, स्वस्तिधाम प्रणेत्री पूज्य गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी की प्रेरणा एवं निर्देशन में गणिनी आर्यिका आर्षमति माताजी, आर्यिका सुज्ञानमति माताजी, आर्यिका दयामती माताजी एवं छाणी परम्परा के समस्त साधु - साध्वियों के मंगल आशीर्वाद से पूज्य क्षुल्लिका श्री अर्हतमति माताजी एवं क्षुल्लिका संस्कृति भूषण माताजी के पावन सान्निध्य में ज्ञानातीर्थ परिवार की ब्रह्मचारिणी बहिन मंजुला दीदी के निर्देशन में प्रतिष्ठाचार्य जयकुमार जी निशांत टीकमगढ़ एवं नितिन भैयाजी खुरई शिलान्यास समारोह की सभी क्रियाओं को संपन्न कराएंगे । समारोह के शुभारंभ में ध्वजारोहण श्री मुकेशकुमार जैन विटूमैन आगरा, चित्र अनावरण श्री बकीलचंद, नीरज जैन, पंकज जैन, राजीव जैन खैकड़ा एवं दीप प्रज्वलन श्री सतेंद्रकुमार जैन बुढ़ाना बाले करेंगे । दोनों जिनालयों का निर्माण वास्तुविद चंद्रशेखर जी जैन विदिशा की देखरेख में होगा । भव्यातिभव्य नवीन जिनालय की आधार शिला श्रीमती चंद्रकांता जैन, बृजेश जैन, राजेश जैन, यतीश जैन, मनोज जैन, पंकज जैन, मेडिकल परिवार मुरैना एवं ज्ञान गुरु मंदिर की आधार शिला आनन्द जैन, राहुल जैन, रजत जैन खेकड़ा परिवार सूर्य नगर दिल्ली द्वारा रखी जाएगी । जैन समाज की स्वयं सेवी संस्था जैन मित्र मंडल मुरैना के मुख्य संयोजक सतेंद्र जैन खनेता बाले ने बताया कि शिलान्यास समारोह में संपूर्ण भारतवर्ष से सैकड़ों की संख्या में आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज के भक्तों के सम्मिलित होने की संभावना को देखते हुए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी गुरुभक्तों के लिए आवास, स्वल्पाहार एवं भोजनादि की समुचित व्यवस्था शिलान्यास पुण्यार्जक परिवार आनंद जी जैन खेकड़ा वाले परिवार, सूर्यनगर दिल्ली एवं पंकज मेडिकल परिवार मुरैना की ओर से की जा रही है । गुरुवार 06 मार्च को स्थानीय समाज के ज्ञानतीर्थ पहुंचने हेतु बड़ा जैन मंदिर मुरैना एवं नसियां जी जैन मंदिर मुरैना से ई रिक्शों की व्यवस्था एवं कार्यक्रम पश्चात वापिसी हेतु बसों की व्यवस्था की गई है । शिलान्यास समारोह में जैन मित्र मंडल मुरैना को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है । मित्र मंडल के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण एकजुटता एवं सजगता के साथ करेगें । शिलान्यास समारोह के आयोजक ज्ञानसागर भक्त परिवार, ज्ञानतीर्थ महाआराधक परिवार, सकल जैन समाज मुरैना, जैन मित्र मंडल मुरैना ने समस्त गुरुभक्त साधर्मी बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में गुरुवार 06 मार्च को प्रातः 10 बजे शिलान्यास समारोह में सम्मिलित होने की अपील की है ।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।